भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.08.2025

आरेडिका में अंतर विभागीय रेलवे फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 28.07.2025 से 31.07.2025 तक अंतर विभागीय रेलवे फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्युत विभाग, एडमिन ब्लॉक एवं आरपीएफ, व्हील एवं बोगीशॉप–1, व्हील एवं बोगीशॉप–2, फर्निशिंग–1 तथा शैलशॉप सहित 6 टीमों ने प्रतिभाग किया।

चार दिवसीय इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला व्हील एवं बोगीशॉप–1 और फर्निशिंग–1 के बीच खेला गया, जिसमें निर्धारित समय में दोनों टीमो कोई भी टीम गोल न कर सकी अतः पेनल्टी शूट आउट के आधार पर व्हील एवं बोगीशॉप–1 की टीम ने 2–0 से विजेता का खिताब जीता, जबकि फर्निशिंग–1 की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना, रेलवे बोर्ड सलाहकार एसके कटियार, खेल–कूद विशेष अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुधा सिंह, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव–1 अमरजीत कुमार एवं खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव–2 पंकज राय सहित संघ के सभी सदस्य, एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

01/08/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी